पत्र संख्या-स्था-5(ख)-पदोन्नति वरिष्ठ सहायक-2021-22// 412 //वाणिज्य कर

कार्यालय-कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ // दिनांक // 18 मई, 2021

समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) /
आहरण वितरण अधिकारी,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या-4250 दिनांक 01-02-2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा चयन वर्ष 2021-22 में वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु दिनांक 30-06-2016 तक के मौलिक रुप से नियुक्त तथा वर्तमान में कार्यरत कनिष्ठ सहायकों की मूल चरित्र पंजिकाएँ तथा अन्य वांछित सूचनायें कतिपय दिशा-निर्देशों के अनुसार मुख्यालय को उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

परन्तु अत्यधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी विभिन्न सम्भागों के अन्तर्गत कार्यरत कनिष्ठ सहायकों की चरित्र पंजिकायें अभी तक मुख्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि मुख्यालय के पत्र संख्या-287 दिनांक 08-07-2020 में दिये गये दिशा-निर्देशानुसार दिनांक 30-06-2016 तक नियुक्त समस्त कनिष्ठ सहायकों की अद्यावधिक मूल चरित्र पंजिकायें (वर्ष 2020-21 तक की वार्षिक प्रविष्टि सहित) तथा वांछित अन्य सूचनायें मुख्यालय को प्रत्येक दशा में दिनांक 31-05-2021 तक भिजवाये जाने का कष्ट करें।

(पी0एन0यादव)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0अरा0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक // उक्त।

प्रतिलिपिः-

1- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त वॉछित सूचनाएँ मुख्यालय पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराये जाने हेतु अपने अधीनस्थ कार्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

2- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

3- पटल प्रभारी स्था-5(क) एवं श्रीमती सुमन सिंह, वरिष्ठ सहायक, चरित्र पंजिका प्रकोष्ठ, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि ज्येष्ठता सूची के अनुसार मुख्यालय में दिनांक 30-06-2016 तक नियुक्त समस्त कनिष्ठ सहायकों के सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार वॉछित सूचना एवं चरित्र पंजिका सारांश निर्धारित समयावधि तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(धीरेन्द्र कुमार)
असिस्टेंट कमिश्नर (स्था0अराज0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।
डिप्टी कमिश्नर (स्था0 अरा0)
वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।